**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की विद्या परिषद् की दिनांक दिसम्बर 13, 2021 को सम्पन्न 12वीं बैठक का कार्यवृत्तः**

विद्या परिषद् की सम्पन्न 12वीं बैठक में निम्नवत सदस्यगण ऑफलाइन/ऑनलाइन वीडियो कान्फ्रेन्सिंग द्वारा उपस्थित हुयेः

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 समशेर, मा0 कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 अनुपम अग्रवाल, प्रोफेसर, प्रतिनिधि निदेशक, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज। | सदस्य |
| 3. | डा0 अरूण मोहन शैरी, निदेशक, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, लखनऊ। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 विनित कंसल, मा0 कुलपति, डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 ओ0पी0 व्यास, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज। | सदस्य |
| 6. | प्रो0 धर्मेन्द्र सिंह, आई0आई0टी0, रूड़की | सदस्य |
| 7. | प्रो0 के0वी0 आर्य, ए0बी0वी0 आई0आई0आई0टी0 एण्ड मैनेजमेन्ट, ग्वालियर। | सदस्य |
| 8. | प्रो0 अलक कुमार सिंह, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ केमिकल टेक0 एवं विभागाध्यक्ष, फूड टेक0 एवं आयॅल टेक0 विभाग एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 9. | प्रो0 राम औतार, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ बेसिक एण्ड एप्लाइड सांइस एवं विभागाध्यक्ष, गणित एवं रसायन विभाग एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 10. | प्रो0 आर0के0 शुक्ला, अधिष्ठाता, शोध एवं विकास एवं विभागाध्यक्ष, भौतिकी विभाग एवं प्रभारी, केन्द्रीय पुस्तकालय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 11. | डा0 सुनील कुमार, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 12. | प्रो0 अरूण मैथानी, अधिष्ठाता, उद्भवन हब एवं विभागाध्यक्ष, पेन्ट टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 13. | प्रो0 रघुराज सिंह, अधिष्ठाता, योजना एवं स्त्रोत जनन, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 14. | प्रो0 यदुवीर सिंह, अधिष्ठाता, सतत् शिक्षा और आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन एवं विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 15. | प्रो0 प्रदीप कुमार, परीक्षा नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 16. | प्रो0 राजीव गुप्ता, विभागाध्यक्ष, मैकेनिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 17. | प्रो0 नरेन्द्र कोहली, विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 18. | प्रो0 दीप्तीक परमार, विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 19. | प्रो0 इन्दिरा निगम, विभागाध्यक्ष, प्लास्टिक टेक0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 20. | डा0 राजेश कटियार, विभागाध्यक्ष, केमिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 21. | डा0 ए0के0 संखवार, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 22. | श्री बृजेश सिंह, विभागाध्यक्ष, बायोकेमिकल इंजी0, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 23. | डा0 वी0के0 यादव, विभागाध्यक्ष, मानविकी विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 24. | श्री जे0बी0 बाजपेयी, सह कार्यशालाधीक्षक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 25. | डा0 अनिता यादव, प्रभारी, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 26. | श्री सुमन्त चटर्जी, सह आचार्य, लेदर विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 27. | डा0 प्रभात वर्मा, सह अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 28. | प्रो0 आनन्द कुमार, अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य–सचिव |

**बैठक में निम्नवत् सदस्य उपस्थित नहीं हो सके :**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ | सदस्य |
| 2. | निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर। | सदस्य |
| 3. | प्रो0 के0के0 पन्त, आई0आई0टी0, दिल्ली | सदस्य |
| 4. | प्रो0 ओंकार दीक्षित, आई0आई0टी0, कानपुर। | सदस्य |
| 5. | प्रो0 दीपक श्रीवास्तव, अधिष्ठाता, स्कूल ऑफ ह्यूमिनाटीज एण्ड सोशल सांइसेज एवं विभागाध्यक्ष, लेदर टेक0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 6. | डा0 नीरज कुमार सिंह, कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 7. | डा0 ललित कुमार सिंह, सह अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | विशेष आमंत्री |

विद्या परिषद् के सदस्य–सचिव द्वारा ऑफलाइन / ऑनलाइन वीडियो कान्फ्रेन्सिंग से हो रही परिषद् की बैठक में उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया एवं अध्यक्ष, विद्या परिषद् की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई।

**मद सं0 12.01** **विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की दिनांक 11.06.2021 को सम्पन्न 11वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की दिनांक जून 11, 2021 को सम्पन्न विद्या परिषद् की 11वीं बैठक के कार्यवृत्त पर पुष्टीकरण किया।

**मद सं0 12.02** **विश्वविद्यालय की विद्या परिषद् की दिनांक 11.06.2021 को सम्पन्न 11वीं बैठक में लिए गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की दिनांक जून 11, 2021 को सम्पन्न विद्या परिषद् की 11वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर हुई कृत कार्यवाही के विवरण पर अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 12.03** **विश्वविद्यालय की परीक्षा परिषद् की सम्पन्न बैठकों के कार्यवृत्त पर अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय की परीक्षा परिषद् की सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त के निम्न मदों पर विचार कर निर्णय लेते हुये अनुमोदन प्रदान किया।

मद सं0 04 जो ए0के0टी0यू0, लखनऊ में वर्ष 2000 के पंजीकृत छात्र श्री रिन्कू सिंह (अनुक्रमांक 0004585016) पेन्ट विभाग के सम्बन्ध में है, को विश्वविद्यालय द्वारा वापस लिया गया।

मद सं0 5(ii) पर परिषद् का स्पष्ट मत है कि जो छात्र–छात्रायें एच0बी0टी0यू0 में प्रवेश प्राप्त है, वे ही एच0बी0टी0यू0, कानपुर से उपाधि प्राप्त करने हेतु अर्ह होंगे।

शेष बिन्दुओं पर परिषद् ने अपना अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 12.04** <u>**विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2021–22 (अद्यतन) सेवायोजन की स्थिति पर विचार के सम्बन्ध में।**</u>

परिषद् ने विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2021–22 (अद्यतन) के विभिन्न पाठ्यक्रमों में अन्तिम वर्ष के उत्तीर्ण एवं अध्ययनरत् छात्रों के सेवायोजन पर संतोष व्यक्त किया।

**मद सं0 12.05** <u>**विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति दिनांक 15.06.2021 को सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन के सम्बन्ध में।**</u>

परिषद् ने विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति दिनांक 15.06.2021 को सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त के मद सं0 16.08 पर पूर्व में लिए गये निर्णय पर आंशिक बदलाव करते हुए किसी भी शिक्षक द्वारा पर्यवेक्षण हेतु अधिकतम शोधार्थियों की संख्या में वाह्य विश्वविद्यालयों के अधिकतम दो शोधार्थी ही सक्षम स्तर से अनुमोदनोपरान्त लिये जा सकेंगे।

**मद सं0 12.06** <u>**विश्वविद्यालय में संचालित एम0एस0सी0 पाठ्यक्रम अध्यादेश पर विचार एवं अनुमोदन के सम्बन्ध में।**</u>

परिषद् ने विश्वविद्यालय में संचालित एम0एस0सी0 पाठ्यक्रम अध्यादेश के कोर्स स्ट्रकचर एवं मूल्यांकन पद्वति को अन्य परास्नातक पाठ्यक्रमों के समान तैयार कर अन्तिम रूप दिया जाने के साथ ही उक्त के अनुमोदन हेतु मा0 कुलपति महोदय एवं अध्यक्ष विद्या परिषद् को अधिकृत किया।

**मद सं0 12.07** <u>**विश्वविद्यालय में संचालित एम0एस0सी0 (गणित विभाग) पाठ्यक्रम हेतु बी0ओ0एस0 के गठन में विद्या परिषद् के प्रतिनिधियों को नामित किये जाने के सम्बन्ध में।**</u>

विश्वविद्यालय में संचालित एम0एस0सी0 (गणित विभाग) पाठ्यक्रम के बी0ओ0एस0 हेतु 02 वाह्य सदस्यों का विद्या परिषद् द्वारा नामित किया गया। जिसका विवरण निम्नवत है:

1. Prof. Neeraj Mishra
Professor,
Department of Mathematics & Statistics, IIT Kanpur

2. Prof. H.C. Taneja
Professor,
DTU, New Delhi

**मद सं0 12.08** **विश्वविद्यालय के मानविकी विभाग में संचालित एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम हेतु बी0ओ0एस0 के गठन में विद्या परिषद् के प्रतिनिधियों को नामित किये जाने के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय में संचालित एम0एस0सी0 (गणित विभाग) पाठ्यक्रम के बी0ओ0एस0 हेतु 02 वाह्य सदस्यों का विद्या परिषद् द्वारा नामित किया गया। जिसका विवरण निम्नवत है:

1. Prof. R.R.K. Sharma
Professor,
IME, Department
IIT, Kanpur

2. Prof. N.K. Sharma
Professor (Management),
IME, Department
IIT, Kanpur

**मद सं0 12.09** **विश्वविद्यालय के मानविकी विभाग में संचालित एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम अध्यादेश पर विचार एवं अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के मानविकी विभाग में संचालित एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम अध्यादेश के कोर्स स्ट्रकचर एवं मूल्यांकन पद्वति अन्य परास्नातक पाठ्यक्रमों के समान तैयार कर अन्तिम रूप दिया जाने तथा परिषद् ने अनुमोदन हेतु मा0 कुलपति महोदय एवं अध्यक्ष विद्या परिषद् को अधिकृत किया।

**मद सं0 12.10** **विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षान्त समारोह में विभिन्न प्रकरण की तैयारियों / व्यवस्था किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षान्त समारोह में विभिन्न प्रकरण की तैयारियों / व्यवस्था का संज्ञान लिया।

परिषद् ने बी0टेक0 एवं एम0सी0ए0 पाठ्यक्रमों में पदक प्राप्तकर्ता छात्र–छात्राओं की सूची पर अनुमोदन प्रदान किया।

बिन्दु सं0 05 पर पूर्व विद्या परिषद् में एम0टेक0 के छात्र–छात्राओं को पदक न दिये जाने के सम्बन्ध में चर्चा कर निर्णय लिया कि आगामी वर्षो में एम0टेक0 के स्कूल ऑफ केमिकल टेक0/स्कूल ऑफ इंजी0 में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाले 03 तीन छात्रों को क्रमशः कुलपति स्वर्ण, रजत एवं कास्य पदक प्रदान किया जाये। परिषद् ने यह भी निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय में प्रारम्भ नवीन पाठ्यक्रमों एम0एस0सी0/एम0बी0ए0 पाठ्यक्रमों में उक्त व्यवस्था प्रभावी हो।

**मद सं0 12.11** **विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षान्त समारोह में बी0टेक0 (2017–18), एम0टेक0 (2019–20) एवं एम0सी0ए0 (2018–19) के उत्तीर्ण छात्र / छात्राओं को उपाधियाँ प्रदान किये जाने पर परिषद् के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षान्त समारोह में बी0टेक0 (2017–18), एम0टेक0 (2019–20) एवं एम0सी0ए0 (2018–19) के उत्तीर्ण छात्र / छात्राओं को उपाधियाँ प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 12.12** **विश्वविद्यालय के बी0टेक0 इलेक्ट्रिकल इंजी0 विभाग के तृतीय एवं अन्तिम वर्ष के कोर्स स्ट्रकचर एवं मूल्यांकन पद्वति पर अनुमोदनोपरान्त परिषद के संज्ञानार्थ प्रस्तुत।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के बी0टेक0 इलेक्ट्रिकल इंजी0 विभाग के तृतीय एवं अन्तिम वर्ष के कोर्स स्ट्रकचर एवं मूल्यांकन पद्वति पर मा0 कुलपति महोदय द्वारा दिये गये अनुमोदन का संज्ञान लिया।

**मद सं0 12.13** **विश्वविद्यालय के कतिपय पी0एच0डी0 शोधार्थियों द्वारा तीन वर्ष की अवधि के उपरान्त शिक्षण शुल्क को माफ किये जाने सम्बन्धी आवेदनों पर विचार के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के कतिपय पी0एच0डी0 शोधार्थियों द्वारा तीन वर्ष की अवधि के उपरान्त शिक्षण शुल्क को माफ किये जाने सम्बन्धी आवेदनों पर विचारोपरान्त मत स्थिर किया कि आर0डी0सी0 द्वारा शोध ग्रन्थ जमा करने की संस्तुति के उपरान्त ही शोध कार्य पूर्ण माना जायेगा। तदुपरान्त, कोई शिक्षण शुल्क देय नहीं होगा। पी0एच0डी0 शोधार्थियों के तीन वर्ष पूर्ण किये जाने के उपरान्त शिक्षण शुल्क को कम किये / माफ किये जाने पर संस्तुति हेतु अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप की अध्यक्षता में एक समिति के गठन का निर्णय लिया गया जिसमें सभी स्कूलों के अधिष्ठाता तथा वित्त नियंत्रक सदस्य होगें।

**मद सं0 12.14** **विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2021–22 में प्रारम्भ हुये नवीन पाठ्यक्रम के छात्रों को अनुक्रमांक निर्गत किये जाने एवं अनुमोदित इनरोलमेन्ट टेबल संशोधनोपरान्त परिषद् के विचार/अनुमोदन किये जाने सम्बन्ध में।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2021–22 में प्रारम्भ हुये नवीन पाठ्यक्रम के छात्रों को अनुक्रमांक निर्गत किये जाने एवं अनुमोदित इनरोलमेन्ट टेबल संशोधनो पर विचार करते हुये अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 12.15** **विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2021–22 में अध्ययनरत बी0टेक0 द्वितीय वर्ष के छात्रों के हुये शाखा परिवर्तन में हुए आंशिक संशोधन के अनुमोदन पर संज्ञान हेतु।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2021–22 में अध्ययनरत बी0टेक0 द्वितीय वर्ष के छात्रों के शाखा परिवर्तन हेतु अध्यादेश में आंशिक संशोधन का संज्ञान लिया।

**मद सं0 12.16** **विश्वविद्यालय के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में अन्य प्रदेशों / विदेशी छात्र–छात्राओं के प्रवेश पर विचार के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में अन्य प्रदेशो / विदेशी छात्र–छात्राओं को विश्वविद्यालय की गुणवत्तावृद्धि एवं प्रसार के दृष्टिगत आवश्यक बताया। परिषद् ने वर्तमान स्वीकृत सीटों के 05 प्रतिशत सीटों पर सुपर न्युमरेरी आधार पर प्रवेश हेतु अपनी सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की।

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

16.12.2021

**(आनन्द कुमार)**
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रिया–कलाप
एवं सदस्य–सचिव, विद्या परिषद्